PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 21 Jun 2017, Page 23
Width: 11.29 cms, Height: 6.49 cms, a4, Ref: 40.2017-06-21.197

मोदी-ट्रंप की वार्ता में उठ सकता है एच-1बी वीजा का मामला

नई दिल्ली, प्रेट्र : पीएम नरेंद्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वार्ता में एच-1बी वीजा का मामला उठ सकता है। 25 जून को मोदी अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं।

वाणिज्य सचिव रीता तेवतिया का कहना है कि वह इस बात का दावा नहीं कर रहीं कि इस मसले पर दोनों के बीच बात होगी, लेकिन यह तय है कि वार्ता हुई तो यह एक मुद्दा जरूर होगा। अमेरिका के अपनी व्यापार नीति की समीक्षा करने के मामले में उनका कहना था कि इस मामले में भारत को ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।